# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**प्रेसनोट सं0-23,** **दिनांक-21.06.2025**

**थाना देवा पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर अन्तर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर चोरी की 08 मोटर साइकिल/स्कूटी बरामद-**

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं के अनावरण एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चला कर संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक- 21.06.2025 को थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर दो शातिर अन्तर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर 1. मो0 अकरम पुत्र मो0 असलम निवासी खदरा बड़ी पकड़िया थाना मदेयगंज जनपद लखनऊ 2. मो0 सरताज पुत्र जाबिर अली निवासी मो0 हुज्जाजी-2 कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी को ग्राम खरेहटा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी की 08 अदद मोटरसाइकिल/ स्कूटी व मास्टर चाभी बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना देवा पर मु0अ0सं0 352/2025 धारा 318(2)/317(4)/338 /336(3)/340(2)/341(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा जनपद बाराबंकी,लखनऊ व आस-पास के जनपदों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों, पार्किंग, सड़क किनारे एवं पार्कों आदि में खड़े वाहनों के लॉक मास्टर चाभी के माध्यम से खोलने का प्रयास किया जाता है, जिन मोटरसाइकिल का लॉक आसानी से खुल जाता है, ये लोग उन मोटर साइकिलों को चोरी कर लेते हैं तथा मोटर साइकिल की नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर के कुछ अंक इधर-उधर कर देते हैं तथा मोटरसाइकिल का रंग भी बदल देते हैं। अभियुक्तगण द्वारा चोरी की गई मोटरसाइकिलों को थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत कुर्सी रोड पर नये प्रापर्टी एरिया वारिस नगर के निर्माणाधीन खण्डहररूपी मकानों में तथा कुछ गाड़ियों को भयारा मोड़ के आगे काशीराम कालोनी के पीछे रखा गया था। अभियुक्तगण, चोरी की गई मोटरसाइकिलों को कम दामों पर आम लोगों को बेच दिया करते थे, प्राप्त रुपये को आपस में बांट कर अपने महंगे शौक को पूरा करते थे। पुलिस टीम द्वारा बरामद मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1. मो0 अकरम पुत्र मो0 असलम निवासी खदरा बड़ी पकड़िया थाना मदेयगंज जनपद लखनऊ
2. मो0 सरताज पुत्र जाबिर अली निवासी मो0 हुज्जाजी-2 कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

1. पैशन प्रो मोटर साइकिल नं0 UP34 AM6989, UP32 JC1783
2. स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल नं0 UP32 CP0686
3. सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल नं0 UP32JZ4788, UP32 JX2474
4. अपाचे मोटर साइकिल नं0 UP32ES0224, UP32 EC9533
5. स्प्लेण्डर प्रो मोटर साइकिल नं0 UP32 AV9657
6. मोटर साइकलि नं0 UP32 BL9948
7. अपाचे मोटर साइकिल नं0 UP32 EV3173
8. एक्टिवा नं0 UP32 GK4952
9. 03 अदद मास्टर चाभी

अपराधिक इतिहास-

1. मो0 अकरम S/O मो0 असलम निवासी खदरा वड़ी पकड़िया थाना मदेयगंज जनपद लखनऊ
1. मु0अ0सं0 449/2017 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना हजरतगंज लखनऊ
2. मु0अ0सं0 498/2018 धारा 379/411 भादवि थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ
3. मु0अ0सं0 191/2015 धारा 41/411 भादवि थाना हसनगंज जनपद लखनऊ
4. मु0अ0सं0 238/2018 धारा 380/411/457 भादवि थाना सरोजनीनगर लखनऊ
5. मु0अ0सं0 352/2025 धारा 317(4)/318(2)/338/336(3)/340(2)/341(1) बीएनएस थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. मो0 सरताज S/O जाबिर अली निवासी मो0 हुज्जाजी -2 कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी
1. मु0अ0सं0 798/2024 धारा 406 भादवि थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 352/2025 धारा 317(4)/318(2)/338/336(3)/340(2)/341(1) बीएनएस थाना देवा जनपद बाराबंकी

**पुलिस टीम-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार त्रिपाठी थाना देवा जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 छट्टू चौधरी थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 गुफरान उल्ला थाना देवा जनपद बाराबंकी
3. का0 सूरज जायसवाल, का0 आलोक कुमार तिवारी थाना देवा जनपद बाराबंकी
4. का0 विनय सिंह, का0 सुजीत कुमार थाना देवा जनपद बाराबंकी